# महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

मध्यप्रदेश अधिनियम क्रमांक 37 वर्ष 1995 द्वारा स्थापित एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू जी सी) की धारा 2(f) के अन्तर्गत सूचीबद्ध


क्रमांक: ...................... दिनांक: ....................

## कार्यवृत्त (Minutes)

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक दिनांक 11/05/2024 दिन शनिवार का समय अपरांह 03:30 बजे विश्वविद्यालय के मुख्यालय ब्रम्हस्थान करौंदी, पोस्ट– मह्नेर, जिला कटनी (म.प्र.) में संपन्न हुई। उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. भुवनेश शर्मा | – | कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो. प्रलय कुमार नन्दा | – | | सदस्य |
| 3. | डॉ. अशोक सिंह चौहान | – | | सदस्य |
| 4. | श्री अरविंद सिंह | – | | सदस्य |
| 5. | डॉ. मानवेन्द्र पाण्डेय | – | | सदस्य |
| 6. | डॉ. शशि ओझा | – | | सदस्य |
| 7. | डॉ. राजेश तिवारी | – | | सदस्य |
| 8. | डॉ. नित्येशवर चतुर्वेदी | – | | सदस्य |
| 9. | डॉ. अभिजीत सिंह | – | | सदस्य |
| 10. | श्री सीमान्त शर्मा | – | | सदस्य |
| 11. | कु. सोनम पटेल | – | | सदस्य |
| 12. | डॉ. मनीष पुरोहित | – | | सदस्य |
| 13. | श्री राजेश व्योहार | – | | सदस्य |
| 14. | डॉ. सूरज पाण्डेय | – | | समन्वयक |

बैठक की कार्यवाही के प्रारंभ में अध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही पर बिंदुवार विचार–विमर्श कर निम्नलिखित निर्णय लिए गए–




मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:- 0761-4071151

पद क्रं. 01– आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) की बैठक दिनांक 04/11/2023 के कार्यवृत्त का संपुष्टीकरण। **(संलग्नक–01)**

निर्णय– संपुष्टि की गई।

पद क्रं. 02– विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का विवरण सूचनार्थ प्रस्तुत है :–

(1) विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को मतदान के विषय में जागरूकता लाने के उद्देश्य से दिनांक 05/01/2024 को **"वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम"** विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

(2) विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग द्वारा दिनांक 10/01/2024 को **"ज्ञानयुग दिवस"** के उपलक्ष्य में मंडल निर्माण प्रतियोगिता, श्लोक अंताक्षरी प्रतियोगिता एवं संस्कृत संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

(3) परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी के अवतरण दिवस को महर्षि ज्ञानयुग दिवस समारोह के रूप में हर्षोल्लास के साथ दिनांक 12 जनवरी 2024 को मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरू परम्परा पूजन एवं वैदिक परम्परा से किया गया। समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री अरविन्द सिंह राजपूत द्वारा



मुख्यालयः– करौंदी, पोस्ट–महनेर, जिला–कटनीः–(मध्य प्रदेश)–483332 • फोनः– 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालयः– लमती, विजय नगर, जबलपुर :–(मध्य प्रदेश)–482002 • फोनः– 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्सः– 0761-4071151

की गई। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा भाषण, गीत, कविता एवं एकल व समूह नृत्य की विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।

(4) विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में छात्र/छात्राओं को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (Artificial Intelligence) के विषय की जानकारी देने के उद्देश्य से दिनांक 15/01/2024 को **"ई–कॉमर्स के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व"** शीर्षक पर श्री मनीष मेमने सहायक प्राध्यापक, चंचलाबाई महाविद्यालय जबलपुर द्वारा व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में विभाग के समस्त शैक्षणिक कर्मचारी एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

(5) विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में राष्ट्र के गौरव भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन निम्नानुसार किया गयाः–

| क्रं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 17/01/2024 | साफ–सफाई अभियान |
| 2 | 18/01/2024 | भगवान श्री राम के जीवन चरित्र पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता |
| 3 | 19/01/2024 | राम राज्य की अवधारणा विषय पर भाषण प्रतियोगिता |
| 4 | 20/01/2024 | भगवान श्री राम विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता |
| 5 | 22/01/2024 | अयोध्या में श्री राम लला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण |

(6) महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 30/01/2024 को **"मद्य निषेध संकल्प दिवस"** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री



मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
**E-mail :-** mmyvvregistrar@gmail.com • **Website :-** www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:- 0761-4071151

सिद्धार्थ राय (उप निरीक्षक) पुलिस थाना उमरियापान थे।

(7) विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान विभाग के सभागार में सिख धर्म के 10वें गुरु गोविंद सिंह जी की 357 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ दिनांक 17 जनवरी 2024 को मनाई गई। उक्त समारोह में डॉ. दीपिका जैन उप प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय पकरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं द्वारा भाषण, गीता एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई।

(8) विश्वविद्यालय के वेद विभाग द्वारा दिनांक 14 फरवरी 2024 को पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों के स्मरण में **"हुतात्मा स्मरण दिवस"** मनाया गया। इस उपलक्ष्य में **"भारतीय सेना के प्रति युवाओं में जागरूकता"** विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. भुवनेश शर्मा, माननीय कुलपति, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, द्वारा की गई। कार्यक्रम में सब डिविजनल पुलिस ऑफिसर स्लीमनाबाद माननीय श्री अखिलेश गौर जी, एवं थाना प्रभारी, उमरियापान श्री सिद्धार्थ राय जी ने अपने विचार रखें।

(9) विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा दिनांक 23/02/2024 को सेबी एवं बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन श्री जसदीप कोहली वरिष्ठ प्रबंधक बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जसदीप सिंह कोहली ने बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की उपयोगिता एवं राष्ट्र निर्माण में भारतीय रिजर्व बैंक व सेबी के योगदान को रेखांकित करते हुए, भविष्य में धन का प्रबंधन,



मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com • फैक्स:- 0761-4071151

रख–रखाव व सामाजिक दशा आदि विषयों पर विद्यार्थियों से संवाद किया एवं उनके प्रश्न व जिज्ञासाओं का समाधान किया।

(10) विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में कानूनी जागरूकता लाने के उद्देश्य से "A step to Build Relation Between Student & Police" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 05/04/2024 को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सिद्धार्थ राय (उप–निरीक्षक) थाना प्रभारी उमरियापान ने छात्र–छात्राओं को कानूनी प्रावधानों के संबंध में जानकारी प्रदान की।

(11) विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, वाणिज्य एवं कम्प्यूटर साईंस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 06 मई 2024 दिन सोमवार को वाणिज्य विभाग में इंडियन डेंटल एसोसिएशन की जबलपुर शाखा एवं हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के सहयोग से निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में ग्यारह दंत चिकित्सक सम्मलित हुये। शिविर में लगभग 250 शैक्षणिक/अशैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्र–छात्राओं का निःशुल्क दंत परीक्षण एवं दवा वितरण किया गया। **(संलग्नक–02)**

निर्णय– सूचना प्राप्त की गई। तदुपरांत माननीय कुलपति महोदय द्वारा यह सुझाव दिया गया कि संबंधित आयोजनध्कार्यक्रम के अंत में प्रतिपुष्टि (फीडबैक) प्राप्त किया जाना आवश्यक है।

पद क्रं. 03– विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ (IQAC) में सामजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अभिजीत सिंह, प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राघवेन्द्र सिंह कलचुरी को सदस्य नामित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय– सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।




मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:- 0761-4071151

**पद क्रं. 04–** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में दिव्यांगजन की शिकायत निवारण हेतु निम्नानुसार समिति गठित किये जाने के प्रस्ताव पर विचारः–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. अवनीश मिश्रा | – | सहा. प्राध्यापक | – अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. मोनिका वर्मा | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 3. | श्री वैभव असाटी | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 4. | कु. सोनम पटैल | – | छात्र | – सदस्य |
| 5. | श्री हिमांशु तिवारी | – | छात्र | – सदस्य |

**निर्णय–** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**पद क्रं. 05–** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में रैगिंग रोकथाम हेतु निम्नानुसार आंतरिक समिति गठित किये जाने के प्रस्ताव पर विचारः–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. राजेश तिवारी | – | सहा. प्राध्यापक | – अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. अंजना उपाध्याय | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 3. | डॉ. खुशेन्द्र चतुर्वेदी | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 4. | श्री सीमान्त शर्मा | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 5. | डॉ आलोकचंद्र परीडा | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |

**निर्णय–** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**पद क्रं. 06–** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में जाति आधारित भेदभाव एवं रोकथाम हेतु निम्नानुसार आंतरिक समिति गठित किये जाने के प्रस्ताव पर विचारः–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. राघवेन्द्र सिंह कलचुरी | – | सहा.प्राध्यापक | – अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. अभिजीत सिंह | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 3. | डॉ. आलोकचंद्र परीडा | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 4. | श्री उमाशंकर त्रिपाठी | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |

**निर्णय–** सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।




मुख्यालयः– करौंदी, पोस्ट–महनेर, जिला–कटनीः–(मध्य प्रदेश)–483332 • फोनः– 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालयः– लमती, विजय नगर, जबलपुर :–(मध्य प्रदेश)–482002 • फोनः– 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्सः– 0761-4071151

पद क्रं. 07– विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में लैंगिक उत्पीड़न हेतु निम्नानुसार आंतरिक समिति गठित किये जाने के प्रस्ताव पर विचारः–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. डॉ. राजेश तिवारी | – | सहा. प्राध्यापक | – अध्यक्ष |
| 2. डॉ. मोनिका वर्मा | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 3. डॉ. नेहा मिश्रा | – | सहा. प्राध्यापक | – सदस्य |
| 4. श्री राजेश व्यौहार | – | बाहय सदस्य | – सदस्य |

निर्णय– सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

पद क्रं. 08– शैक्षणिक सत्र 2024–25 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा लगभग 30 किलोमीटर की परिधि में आने वाले 24 विद्यालयों से संपर्क कर कुल 2570 विद्यार्थियों की संपर्क सूत्र प्राप्त किये गये है। इनमें से लगभग 1000 छात्रों से दूरभाष द्वारा संपर्क स्थापित कर प्रवेश की जानकारी दी जा चुकी है। शेष छात्रों से संपर्क कार्य जारी है। सूचनार्थ प्रस्तुत।

निर्णय– सूचना प्राप्त की गई।

पद क्रं. 09– मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों मे 25 प्रमाण पत्र एवं 07 डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को विभिन्न विभागों के माध्यम से ऑनलाईन संचालित किये जाने की अनुमति प्राप्त हुई है। उक्त पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय– विभिन्न प्रमाण पत्र एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों को ऑनलाइन किये जाने से पूर्व उससे संबंधित विवरण तथा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।




मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 7974899958, 9752042827

प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217

E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:- 0761-4071151

पद क्रं. 10— विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से प्राप्त निर्देशानुसार विश्वविद्यालय में श्री गुरू पूर्णिमा के शुभ अवसर पर दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार। (संलग्नक–03)

निर्णय— दीक्षारम्भ कार्यक्रम न्यूनतम पांच दिवस का होना चाहिए। इस आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय में पंजीकृत नवीन छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षित ध्यान शिक्षक के माध्यम से भावातीत ध्यान का अभ्यास कराये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

पद क्रं. 11— विश्वविद्यालय में जून माह में पूर्व छात्र सम्मेलन (Alumni Meet) आयोजित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय— सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

पद क्रं. 12— कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक/29/आउशि/SVCGS/2024 भोपाल, दिनांक 30/04/2024 से प्राप्त शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कैलेण्डर के अनुसार विश्वविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

(संलग्नक–04)

निर्णय— सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

पद क्रं. 13— विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों द्वारा शैक्षणिक उन्नयन हेतु प्रत्येक वर्ष न्यूनतम दो शोध आलेख/लेख प्रकाशित कराना अनिवार्य किए जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय— सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

पद क्रं. 14— विश्वविद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष अधिकतम दो संगोष्ठियों में प्रस्तुतीकरण तथा दो कार्यशालाओं में सम्मलित होने हेतु कर्त्तव्यावकाश स्वीकृत किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय— प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।



मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:- 0761-4071151

पद क्रं. 15– विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता को सुनिश्चित किये जाने हेतु विभिन्न समितियाँ गठित की गई है, अनुमोदन पर विचार।

(संलग्नक–05)

निर्णय– सर्वसम्मति से अनुमोदन के उपरांत यह माननीय कुलपति महोदय द्वारा यह सुझाव दिया गया है कि विभिन्न समितियों को कार्य हेतु समयसीमा का निर्धारण किया जाना आवश्यक है जिससे निर्धारित समय में कार्य पूर्ण हो सके । उक्त सुझाव पर समस्त सदस्यों ने सहमति व्यक्त की।

पद क्रं. 16– विश्वविद्यालय में अध्ययनरत नियमित छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं पूर्व छात्रों से ऑनलाईन प्रतिपुष्टीकरण (Feedback) प्राप्त किए जाने पर विचार। (संलग्नक–06)

निर्णय– सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

पद क्रं. 17– विश्वविद्यालय में खेलकूद गतिविधियों के विस्तार हेतु विभिन्न खेल प्रागंण (कबडडी, खो–खो, बैडमिंटन, बॉलीबॉल और एथेलेटिक्स) निर्मित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय– सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

पद क्रं. 18– अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।

- विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु प्रचार समिति की बैठक आयोजित कर विस्तृत कार्य योजना का निर्माण किया जावे तत्संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु संयुक्त रूप से प्रचार प्रसार कर विश्वविद्यालय में अधिकाधिक प्रवेश सुनिश्चित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।
- विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, प्रवेश हेतु पाठ्यक्रमवार न्यूनतम योग्यता, पाठ्यक्रम पूर्ण होने के उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर की विस्तृत जानकारी संकलित कर प्रचार–प्रसार समिति के समस्त सदस्यों के प्रदान किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।



मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:- 0761-4071151

क्रमांक: ..................... दिनांक: ...................

- विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष प्रो. प्रलय कुमार नंदा जी ने कहा कि विश्वविद्यालय में गठित विभिन्न समितियों की बैठक निश्चित अन्तराल पर आवश्यक रूप से आयोजित कर तत्संबंधी कार्यवृत्त को संरक्षित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।
- विश्वविद्यालय में विभिन्न राज्य / अंतरविश्वविद्यालयी स्तरीय (अकादमिक एवं खेलकूद ) प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। छात्र–छात्राओं को विभिन्न विश्वविद्यालय / राज्य स्तरीय (अकादमिक एवं खेलकूद) प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता हेतु तैयार किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।
- विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वेदलीला को समाहित किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।
- माननीय कुलपति महोदय द्वारा यह सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक समिति पूज्य महर्षि द्वारा लिखित पुस्तक 'राम, रामलीला, रामायण और राम राज्य' में उल्लेखित महर्षि जी द्वारा प्रतिपादित वैदिक ज्ञान को शिक्षकों/छात्रों को प्रदान किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने का सुझाव दिया। उक्त सुझाव पर समस्त सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।
- माननीय कुलपति महोदय द्वारा यह सुझाव दिया गया कि विश्वविद्यालय में ई–न्यूजलेटर नियमित रूप से त्रैमासिक प्रकाशित किये जाने का सुझाव दिया गया। उक्त सुझाव पर समस्त सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।
- विश्वविद्यालय द्वारा योग एवं भावातीत ध्यान पर साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष उपकुलसचिव समन्वयक




मुख्यालय:- करौंदी, पोस्ट-महनेर, जिला-कटनी:-(मध्य प्रदेश)-483332 • फोन:- 7974899958, 9752042827
प्रशासनिक कार्यालय:- लमती, विजय नगर, जबलपुर :-(मध्य प्रदेश)-482002 • फोन:- 0761-2637213, 2637216, 2637217
E-mail :- mmyvvregistrar@gmail.com • Website :- www.mmyvv.com, mmyvvdde.com, • फैक्स:- 0761-4071151